## खबर संक्षेप

### पर्व के लिए अधिकारियों को सौंपे कार्य दायित्व

**कटनी।** नगर निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा आज 17 जून सोमवार, ईद-उल-जुहा बकरीद पर्व को देखते हुए नगर निगम सीमांतर्गत सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों ,मस्जिदों के आस-पास तथा विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई, चूने की लाईनिंग, प्रकाश व्यवस्था,पेयजल पानी टैंकरों की व्यवस्था,अस्थायी अतिक्रमण हटाने हेतु पेट्रोलिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आदेश जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है,साथ ही श्री शुक्ल द्वारा बक़रीद को प्रातः 7 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक ईदगाह व मस्जिद जहां पर भी नमाज अदा की जाएगी ,नगर निगम से संबंधित सभी व्यवस्थाओं हेतु अधिकारी कर्मचारी को नियुक्त किया गया है। निगमायुक्त द्वारा सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि बक़रीद पर्व में सौंपी हुई व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए शांति पूर्वक संपन्न करवायेंगे।

### बदमाशों ने दिन दहाड़े घर में घुसकर की चोरी

**कटनी।** बेखौफ बदमाशों ने सूने घर में दिन-दहाड़े चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और लाखों के जेवरात लेकर चंपत हो गये। घटना रीठी थाना अंतर्गत साहू मोहल्ला में हुई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार अनीता सिंह ठाकुर रीठी में किराए के मकान में रहती है। चोरों ने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इसमें चोर घर में रखे करीब 40 हजार रुपए नकदी सहित सोने के दो मंगलसूत्र, एक हार, दो अंगूठी, दो जोड़े कान के टॉप्स व एक जोड़ी पायल लेकर भाग खड़े हुए। जिस वक्त चोरी हुई उस वक्त घर में कोई नहीं था। जब अनीता शाम पांच बजे घर लौटी तो पता चला। फिर थाने में शिकायत की। पुलिस जांच कर रही है।

### 23 जून को पिलाई जाएगी पोलियो निरोधी दवा

**कटनी।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आशा एवं एएनएम बहनों को आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से आगामी 23 जून को आयोजित होने वाले पोलियो अभियान में अपनी भूमिका का निर्वहन करने की अपील की है। उन्होंने एएनएम व आशा बहनों को संबोधित पत्र में कहा है कि विगत वर्षों में आप सभी के अथक प्रयासों से हम प्रदेश में पोलियो उन्मूलन तथा मातृ एवं नवजात शिशु टिटनेस का निर्मूलन कर सके हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विश्व के अधिकतम देशों से पोलियो की बीमारी खत्म हो चुकी है। भारत के पड़ोसी देशों में पोलियो के प्रकरण पाया जाना हमारे लिए चिंता का विषय है। इसके लिए जरूरी है कि शून्य से पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो के विरूद्ध रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए पोलियो की खुराक पिलाई जाए तथा प्रदेश का एक भी बच्चा दवा पीने से छूटने न पाए। उन्होंने आगामी 23 जून पोलियो रविवार को बूथ दिवस पर ही पालकगणों को अपने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की है।

### जैव विविधता संरक्षण क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर मिलेगा पुरस्कार

**कटनी।** राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार- 2023 के लिए जिले में जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इच्छुक आवेदक 26 जून 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त प्रविष्टियां जैव विविधता बोर्ड को 30 जून तक प्रेषित की जानी है। बोर्ड को सीधे प्रविष्टि मान्य नहीं की जावेगी। बोर्ड की बेवसाइट www.mpforest.gov.in/mpsbb पर उपलब्ध है। जिले में जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे इच्छुक व्यक्ति, अशासकीय संस्थान, जैव विविधता, स्वामित्व रखने वाले वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं जल संसाधन विभाग तथा स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियां निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं।

### बादलों की हो रही आवाजाही लेकिन मेहरबान नहीं हो रहे बदरा

# धूप व उमस भरी गर्मी कर रही बेचैन अब तेज बारिश से ही राहत की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उमस भरी गर्मी और तेज धूप से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। हालांकि बीते कुछ दिनों से आसमान में बादलों की आवाजाही देखी जा रही है परंतु बारिश नहीं हो रही है। हालांकि कहीं कहीं बूंदाबादी व हल्की बारिश हुई है लेकिन यह राहत की जगह और समस्या बढ़ा रही है। आसमान पर बादल तो छाए लेकिन बरस नहीं रहे हैं, जिससे उमस बढ़ गया है और लोग बेहाल हैं। प्री मानसून की बारिश नहीं होने और मानसून में देरी से आमजन की परेशानी बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून के जिला तक पहुंचने में सप्ताह या पखवाड़े भर का समय लग सकता है। उमस भरी गर्मी के बीच बिजली विभाग द्वारा बार-बार लाइट गुल करने से बच्चों के साथ बुजुर्ग खासे परेशान हो रहे हैं। जून महीने का पहला पखवाड़ा बीत रहा है, लेकिन आमजन को गर्मी से राहत नहीं मिली है। इस बार नवतपा ने भी अपना खास असर दिखाया। बीते चार पांच



दिनों से आसमान में बादल छा तो रहे हैं, लेकिन बरस नहीं रहे हैं, जिससे वातावरण में उमस बढ़ गया है।

#### कूलर व पंखों से भी राहत नहीं

बढ़ती गर्मी और उमस से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। आमजन जीवन प्रभावित हो गया है, लोग डिहाइड्रेशन के शिकार हो रहे हैं। अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। हीटस्ट्रोक के साथ डिहाइड्रेशन से बचने अधिक पानी पीने की सलाह डॉक्टरों द्वारा दी जा रही है। विशेषकर बुजुर्ग और बच्चों पर इसका खासा असर दिखाई दे रहा है। पंखें-कूलर चलने के बावजूद लोगों को राहत नहीं मिली। इस बार बारिश की बेरूखी के चलते गर्मी का मौसम लंबा खींच रहा है। सुबह से ही तीखी धूप रही। वहीं वातावरण में उमस भी अपेक्षाकृत अधिक महसूस हुई। देर शाम तक लोग गर्मी से परेशान दिखे।

उमस के कारण मौसमी बीमारियां बढ़ने लगी है। अस्पतालों में मरीजों की औसतन संख्या बढ़ गई है। खासकर वायरल इंफेक्शन, मौसमी बुखार के साथ डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उमस भरी गर्मी से रात में भी राहत नहीं मिल पा रही है। इस भीषण गर्मी में कूलर व पंखे की हवा भी लू की तरह निकल रही है। बिस्तर तक इतने गर्म हो जा रहे हैं कि उस पर लेटने की हिम्मत नहीं हो रही है। भू-जलस्तर नीचे खिसकने से शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। मौसम साफ रहने पर सूर्य की उष्ण किरणें झुलसाने लगती है। डाक्टरों का कहना है कि उमस भरी गर्मी में खानपान पर लापरवाही बरतने से भी लोग मौसमी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। मौसम में उतार चढ़ाव होने से सर्दी, खांसी, बुखार, डायरिया, टायफाइड से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। सरकारी के साथ साथ निजी क्लीनिक में भी ऐसे मरीजों की तादाद इन दिनों काफी बढ़ गई है।

## पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल स्त्रोतों तथ नदी, तालाबों, कुआं, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतों के जल संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिये विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया गया। जल-गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम दिवस गंगा दशमी के अवसर पर जिले भर में जनसहयोग से श्रमदान, कलश यात्रा सहित पूजन अर्चना के कार्यक्रम आयोजित किए जाकर नागरिकों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

जल गंगा संवर्धन अभियान समापन एवं गंगा दशहरा के अवसर पर रविवार को विकासखंड बहोरीबंद में विधायक प्रणय प्रभात पांडे तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में कलश यात्रा निकाली जाकर आमजन के बीच जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस दौरान पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण हेतु बनाए गए रिचार्ज पिट का अवलोकन कर उपस्थित ग्रामीणों को रिचार्ज पिट से जल संग्रहण किए जाने की विधि से अवगत कराया गया।

विधायक ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे अपने पुरखों के अनुभव और उनके दूरदर्शी विचारों पर गौर करें। गंगा दशहरा के पहले किसान बंधु मेढ़ बंधान एवं जो करना है वो पहले कर लेते हैं। क्योंकि उन्हें मालूम है कि बरसात आयेगी, तब हम कुछ नहीं कर पायेगें। यह हमारे पुरखों- बुजुर्गों की सोच थी। हमें भी अपने भावी पीढ़ी के बारे में सोचना होगा। हम सब मिलकर बरसात में वहां पौधरोपण कर सकते हैं जिससे उस पानी के स्त्रोत को मजबूती मिलेगी।

### राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

## स्कूल चले हम अभियान के तहत 3 दिवसीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 18 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 18, 19 एवं 20 जून को आयोजित किया जायेगा। स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत 18 जून को क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि सांसद, विधायक किसी एक शाला में सहभागिता करेंगे। शाला स्तर पर आयोजित स्कूल चलें हम अभियान कार्यक्रम में शाला के पूर्व विद्यार्थियों एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। ग्राम एवं बसाहट के शाला से बाहर रहे चिन्हित बच्चों का शाला में नामांकन एवं उनके अभिभावकों का शाला स्तर पर स्वागत किया जाएगा। समस्त पात्र शालाओं में विशेष भोजन का वितरण किया जाएगा।

#### अभिभावकों से करेंगे चर्चा, दी जाएगी जानकारी

19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शालेय गतिविधियों पर चर्चा, जिसमें प्रमुखतः कक्षावार विषयखंड, शैक्षणिक कैलेण्डर, अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया, अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान की जायेगी। राज्य शासन की ओर से अभिभावकों को संबोधित पत्र का वितरण किया जाएगा। कक्षावार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की अभिभावकों को जानकारी प्रदान की जाएगी एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाएगा।

#### किया जाएगा आमंत्रित

इसी तरह 20 जून को जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट के लिए आमंत्रित किया जायेगा। शालाओं में विद्यार्थियों से भेंट के लिए अन्य इच्छुक व्यक्तियों के लिए शाला चयन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इच्छुक व्यक्ति किसी एक शाला का चयन कर स्थानीय स्तर पर विशिष्टउपलब्धियां हासिल करने वाली खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, संस्कृतिधर्मी, समाजसेवी, उद्योगपति, उन्नत एवं सफल किसानों, व्यवसायी, मीडिया और संचार मित्रों, सैन्य और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार- प्रसार किया जायेगा। आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान विद्यार्थियों, शाला उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे और जिला कलेक्टर के द्वारा जिले के प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों को किसी एक शाला में जाकर एक पीरियड अध्यापन कराने के लिए शालाओं का आवंटन किया जायेगा।

## दो बाइकों के बीच हुई भिड़ंत, दो युवक हुए घायल



कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत इंडिया होटल के सामने बीती रात दो मोटर साइकिलों के बीच टक्कर हो गई। हादसे की जानकारी बस स्टैण्ड उप थाना पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत जिला अस्पताल भिजवाया। अंकित मिश्रा ने बताया कि शनिवार रविवार की दरमियानी रात लगभग 1 बजे फोन पर सूचना मिली कि चौकी क्षेत्र के इंडिया होटल के समीप राजमार्ग पर दो बाईकों में आपस में भिड़ंत हो गई है। घटना में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए हैं और वह सड़क पर पड़े तड़प रहे हैं। सूचना मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर बस स्टैंड चौकी प्रभारी पहुंचे और उन्होंने लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल भेजा। हादसे में गायत्री नगर निवासी एक युवक एवं कोटा निवासी एक युवक गंभीर रूप से आहत हुए हैं। घटना के समय घायलों की हालत ऐसी थी कि घायलों के नाम पता नहीं लगाई जा सके हैं। दोनों घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा कॉलोनी निर्माण, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

नियमों को ताक पर रखकर उमरियापान में अवैध रूप से कॉलोनी निर्माण किया जा रहा है। कृषि भूमि पर भूमिस्वामी से एग्रीमेंट कर छोटे-छोटे टुकडों में प्लाट काटकर बेच दिया जाता है। कम कीमत की लालच में जमीन खरीदने वाले लोग जब मकान बनाकर रहने आते हैं तो उनके लिए बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति कर पाना भी कठिन हो जाता है।उमरियापान के ढीमरखेड़ा और सिहोरा मार्ग में अवैध कॉलोनी निर्माण की शिकायत भाजपा नगराध्यक्ष प्रदीप चौरसिया ने कलेक्टर अवि प्रसाद से की है। शिकायत में कहा है कि कॉलोनाइजर लाइसेंस लिए बगैर



बिना भूमि का मद परिवर्तन कराए और कॉलोनी निर्माण के पूर्व ईडब्ल्यूएस की जमीन छोड़े बिना धड़ल्ले से प्लाटिंग करने और कॉलोनी बनाने का काम चल रहा है।इससे प्रशासन को मिलने वाले राजस्व की क्षति हो रही है।

#### कार्यवाही की मांग

कलेक्टर को दिए पत्र में बताया गया कि उमरियापान के ढीमरखेड़ा और सिहोरा मार्ग में कॉलोनी निर्माण के लिए न तो शासन-प्रशासन से कोई अनुमति ली गई है और न ही कॉलोनी निर्माण के लिए जारी गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है।प्लाट बिना डायवर्सन का है।लोगों के लिए सुविधाओं का अभाव है। इसमें टाउन एंड कन्ट्री प्लानिंग विभाग से भी अनुमति नहीं ली गई है, इससे शासन को राजस्व की क्षति हो रही है।शिकायती पत्र देकर उन्होंने कार्रवाई की मांग किया है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्लाट बेचने वाले लोक लुभावने वादे करके भोले-भाले लोगों के साथ फिर छल करने से बाज नहीं आ रहे है।

### पुलिस द्वारा फरार आरोपियों को पकड़ने चलाया गया अभियान

## फरार चल रहे दो हजार रूपए के ईनामी बदमाश को बका सहित किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा प्रदेश स्तरीय कॉम्बिंग गश्त अभियान गत रात्रि फरार आरोपियों तथा ईनामी बदमाशो की गिरफ्तारी हेतु चलाया गया था। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के द्वारा उक्त अभियान में अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था

आदेशों के पालन में थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा मोहम्मद शाहिद खान के नेतृत्व में कॉम्बिंग गश्त की गई गश्त के दौरान पिछले कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई गिर. वारंटी रवि उर्फ रावेन्द्र पिता मैकू कोल निवासी ग्राम पिपरिया, मनोज पिता रामप्रसाद चौधरी निवासी खम्हरिया, कृष्ण कुमार पिता दयालीराम पटैल निवासी पिण्डरई, संदीप पिता हजारी सिंह गोड़ निवासी सगौना को रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया साथ ही दिनांक 04.03.2024 को ग्राम देहरी में अवैध शराब का जखीरा



36 पेटी शराब जप्त की गई थी जिसका मुख्य आरोपी नारायण सिंह मार्को पिता भरत सिंह मार्को निवासी ग्राम देहरी का घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ़्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 2000 रूपये का ईनाम उद्वघोषित किया गया था। उक्त आरोपी को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर अवैध शस्त्र एक लोहे का धारदार बका सहित गिरफ्तार किया गया है। स्मरण रहे कि सभी आरोपियों को दिनांक 16.06.2024 को न्यायालय में पेश किया गया है।

#### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा मोहम्मद शाहिद के निर्देशन में उ.नि. एम. एल. करण, उ.नि. सुरेश चौधरी, स.उ.नि. जयचंद उईके, स.उ.नि. अवध भूषण दुबे, पंकज सिंह, आर. रंजीत सिंह, आर. देवेन्द्र अहिरवार, महिला आर. दुर्गा शुक्ला आदि की विशेष भूमिका रही।

### तालाब गहरी करण हेतु जन भागीदारी से किया गया श्रमदान

## नुक्कड़ नाटक से जल संरक्षण का संदेश, निकाली गई कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत विगत 15 दिवस से चल रहे जल संवर्धन के कार्यों एवं कार्यक्रम का समापन आज जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत कचनारी में विरासनी माता प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कलश यात्रा निकालते हुए लोगों को जल बचाओ के संबंध में संदेश दिया गया एवं जन अभियान परिषद के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जल बचाओ के संबंध में नाटिका प्रस्तुत की गई।

तत्पश्चात विरासनी माता प्रांगण में मनरेगा योजना के तहत पूर्व से निर्मित तालाब में जन भागीदारी से गहरी करण का कार्य किया गया एवं



जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामवासी एवं शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता पंकज राय, सिलौडी के मंडल अध्यक्ष प्रशांत राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी, सिलोडी तहसीलदार, जनपद सहायक यंत्री आनंद उसरेठे, एपीओ अजीत सिंह, बीसी एसबीएम संतोष पाठक, उपयंत्री ओपी गुप्ता, बीसी पीएमएवाय दीपक राहंगडाले, बृजेश पाठक ,अजिताभ, जन अभियान परिषद से बबीता शाह , अरविंद शाह, सरपंच ग्राम पंचायत कचनारी गणेश साहू, सचिव विनोद बागरी भालचंद दुबे ,अमरीश राय, स्थानीय जनपद सदस्य एवं ग्रामवासी एवं श्रमिकों की उपस्थिति रही।

#### जलस्तर बढ़ाने श्रमदान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण हेतु रविवार को आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत सकरीगढ़ पंचायत में वर्षा जल को अधिक से अधिक संग्रहित कर भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से जनसहयोग से श्रमदान कर कंटूर टंच का निर्माण किया गया। इस पुनीत कार्य के दौरान जन अभियान परिषद बड़वारा के ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महगवां नवांकुर सेक्टर बसाड़ी संस्था प्रमुख हर भगत सिंह ग्राम विकास प्रस्फुटन सकरीगढ़ आकाश केवट, अभिषेक विश्वकर्मा की भूमिका रही।

## राजस्व वसूली में कटनी प्रदेश में दूसरे स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम त्रैमास एक अप्रैल से 30जून तक की अवधि के दौरान राज्य शासन द्वारा राजस्व प्राप्तियों के लिए कटनी जिले को निर्धारित लक्ष्य का 90.79 प्रतिशत राजस्व वसूली की उपलब्धि अर्जित कर कटनी जिला प्रदेश के सभी 54 ज़िलों की जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में प्रदेश में दूसरे स्थान पर है। जबकि उज्जैन जिला पहले स्थान पर है।

#### वसूली में तेजी लाने निर्देश

बताते चलें कि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने राजस्व अधिकारियों की समय-समय पर आयोजित बैठक में अधिकारियों को राजस्व वसूली मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही अधिकारियों को त्रैमासिक लक्ष्य देकर उनसे इस दिशा में ठोस और परिणाममूलक उपलब्धियां अर्जित करने की हिदायत भी दिया था।

#### दी गई है सख्त हिदायत

कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष की भांति वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी राजस्व प्राप्तियों के लिए जिले का लक्ष्य निर्धारित करते हुए इसके पूर्ति हेतु सार्थक और प्रभावी पहल करने निर्देशित किया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली की राशि को निर्धारित लेखा शीर्ष में जमा किया जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को राजस्व वसूली कार्य को प्राथमिकता देनेकी हिदायत भी दी है।

## खबर संक्षेप

### 17 जून की रात 12 बजे तक दे सकेंगे प्रतिभागी जवाब

**कटनी।** कटनी को जानो प्रतियोगिता के शुरू होने के पांचवे दिन शुक्रवार 14 जून को तहसील बहोरीबंद के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के तौर पर प्रसिद्ध और श्रद्धा से परिपूर्ण मॉ कंकाली देवी मंदिर तिगवां एवं श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र से संबंधित ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में सवाल पूछे जाएगें। जिसका जवाब प्रतिभागी 17 जून सोमवार की रात 12 बजे तक दे सकेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन की शासकीय वेबसाइट में उपलब्ध लिंक में जाकर लघु वीडियो फिल्म देखी जा सकती है। क्विज़ के सवालों को भी 17 जून को रात 12 बजे तक प्रशासन की वेबसाइट https://katni.nic.in/event/कटनी-को-जानो-प्रतियोगिता/ पर देखा जा सकेगा। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के सवाल इसी लघु वीडियो फिल्म पर आधारित होंगे। जिसमें तहसील बहोरीबंद के ऐतिहासिक पर्यटन एवं श्रद्धा का प्रसिद्ध स्थल मां कंकाली देवी मंदिर तिगवां से संबंधित जानकारी साझा की जायेगी। इस मंदिर का निर्माण लगभग पांचवी शताब्दी मे किया गया था तथा मंदिर की दीवारों पर भगवान विष्णु की प्रतिमांए उकेरी गई है। इसके अतिरिक्त लघु फिल्म के माध्यम से ही जैन समाज का विशेष आस्था का केन्द्र बहोरीबंद स्थित दिगंबर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र में जैन समाज के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ की 16 फीट ऊंची प्रतिमा, एवं शिलालेख की जानकारी साझा की जायेगी।

### बकरीद पर साफ- सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था करने निर्देश

**कटनी।** आज 17 जून सोमवार को ईद-उल-जुहा बकरीद पर्व के अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कटनी नगर निगम सीमांतर्गत सभी प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों ,मस्जिदों के आस-पास तथा विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई, चूने की लाईनिंग आदि समुचित साफ-सफाई, पेयजल पानी टैंकरों की व्यवस्था तथा स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

### जमीनी विवाद में 4 लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर चार लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कुल्हाड़ी के हमले में दो युवक और दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को कटनी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर कर दिया गया है। पुलिस ने मामले जांच शुरू कर दी है। घटना पन्ना जिले के रैपुरा थाना क्षेत्र के नानचांद गांव में हुई। पुलिस ने बताया कि रैपुरा थाना क्षेत्र के नानचांद गांव में जमीनी विवाद को लेकर मोहन लोधी, रत्तु लोधी, नरेश लोधी, रामावतार लोधी ने धारदार कुल्हाड़ी से महेश उर्फ बबलू पिता हरिलाल लोधी, वर्षा, पुत्तु लोधी, सुदामाबाई लोधी, केरा लोधी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में महेश लोधी की हालत अति गंभीर होने पर उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

### बाइक से पेट्रोल चोरी लड़कों का वीडियो वायरल

**कटनी।** घरों के बाहर खड़े दो पहिया वाहनों से पेट्रोल चोरी करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गांधीगंज का है। वायरल वीडियो में दो लड़के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों से पेट्रोल निकालते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। पेट्रोल निकालने वाले लड़कों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। दरअसल सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें गांधीगंज क्षेत्र में दो लड़के रात के समय घरों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल से पेट्रोल निकालते दिख रहे हैं। पेट्रोल निकालते समय एक लड़का आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखे रहता है। कुछ ही देर में अलग-अलग मोटर साइकिल से पेट्रोल निकालकर दोनों लड़के भाग जाते हैं। पेट्रोल चोरी करने की पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस वीडियो के आधार पर लड़कों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

### शहर से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्रों में फरार अपराधियों व वारंटियों पर कार्रवाई

# आधी रात से तड़के तक पुलिस ने किया गश्त, 150 से ज्यादा बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



फरार अपराधियों एवं वारंटियों की गिरफतारी के लिए बीती रात जिले भर की पुलिस सड़कों में उतरी और बदमाशों की खबर ली। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के नेतृत्व में रात्रि 12 बजे से प्रातः 05 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटनी डॉ. संतोष डेहरिया, उप पुलिस अधीक्षक अजाक प्रभात कुमार शुक्ला, कृष्णपाल सिंह एसडीओपी विजयराघवगढ़, उमराव सिंह उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कटनी तथा समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा स्टाफ के साथ कॉम्बिग गस्त की गयी। कांबिंग ग्रस्त करते हुए कटनी पुलिस ने वारंटी की घर पकड़ करने की शक्ति की पारी खेली रात में पुलिस के द्वारा 150 से भी अधिक वारंटियों की घर पकड़ की गई। इसके अलावा मादक पदार्थ की बिक्री एवं उनके परिवहन के खिलाफ भी कार्यवाहियों को अंजाम दिया गया।

कांबिंग गस्त के दौरान न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के कुल 85 गिरफ्तारी वारंट तामील किये गये। इसके साथ ही माननीय न्यायालयों द्वारा जारी कुल 67 स्थाई वारंट तामील किये गये। धारा 299 दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत पुराने प्रकरणों मे फरार कुल 05 आरोपियो की गिरफ्तारी कॉबिंग गस्त के दौरान की गई।

इनामी बदमाश गिरफ्तार कार्यवाही के दौरान 02 ईनामी बदमाश गिरफ्तार किये गये। एवं 2 जिला बदर आरोपियों द्वारा जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर गिरफ्तारी कर कार्यवाही की गई। कॉबिंग गस्त के दौरान कुल 39 जिला बदर आरोपियों के पते पर जाकर चेकिंग की गई एवं समझाइश दी गई।

गस्त के दौरान अवैध शराब का विक्रय व परिवहन करने वालों के विरुध्द 37 प्रकरण कायम किये, आरोपियों से 71 लीटर कच्ची शराब व 260 पाव देशी मदिरा कुल कीमती 50,150/- रु. की बरामद की गई। इस दौरान 02 आरोपियो के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के प्रकरण दर्ज किया गया व 01 नग 315 बोर का कट्टा व 01 चाकू बरामद किया गया।

कॉम्बिंग गस्त के दौरान 01 आरोपी से 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही जुआ खेलते पाये जाने पर 10 जुआड़ियो के विरूद्ध 03 प्रकरण कायम किये गये। सट्टा खेलते पाये जाने पर कांबिंग गस्त के दौरान 02 सटोरियों पर कार्यवाही की गयी। शांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 22 आरोपियों के विरूद्ध धारा 151 दप्रसं के तहत कार्यवाही की गयी।

शांति कायम रखने हेतु 74 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 107,116(3) दप्रसं के तहत कार्यवाही की गयी। कांबिंग गस्त के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करना पाये जाने पर 66 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गयी तथा 28,800/-रु समन शुल्क वसूला गया।

उल्लेखनीय है कि अभिजीत कुमार रंजन (भापुसे) पुलिस अधीक्षक कटनी द्वारा थाना कोतवाली परिसर में ''कॉम्बिंग नाईट ऑपरेशन'' के अधिकारियों, कर्मचारियों को ब्रीफ कर रवाना किया गया।



# विषाक्त पदार्थ के सेवन से विवाहिता की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में एक नवविवाहिता ने रविवार को अपने मायके में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराई गई महिला की जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जहरीले पदार्थ का सेवन करने के दौरान महिला घर में अकेली थी। घर वाले जब वापस लौटे तो महिला घर में बेहोशी की हालत में मिली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि हीरापुर कौड़िया गांव निवासी अंजलि पति पप्पू पटेल 19 अपने मायके बड़वारा थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव में थी। रविवार को घर के सभी लोग खेत गए हुए थे।

वापस लौटने पर परिजनों को अंजलि बेहोशी की हालत में घर में मिली। जिले के आनन-फानन में परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि अंजलि का विवाह तीन महीने पहले हीरापुर कौड़िया गांव निवासी पप्पू पटेल से किया गया था। किसी तरह के विवाद की जानकारी भी नहीं है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कलेक्टर के निर्देश एवं सतत समीक्षा के चलते आई तेजी

# जिले में अब तक 36 सौ से अधिक सीमांकन प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा राजस्व प्रकरणों के निराकरण की दिशा में किए गए ठोस और गंभीर प्रयासों एवं निरंतर समीक्षा की वजह से जिले में सीमांकन प्रकरणों के निपटारे में आई तेजी के कारण निराकृत सीमांकन प्रकरणों का आंकड़ा अब 36 सौ को पार कर गया है, अर्थात शनिवार 15 जून तक सीमांकन के लंबित कुल 3 हजार 6 सौ 14 प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है।

अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि कलेक्टर श्री प्रसाद की सीमांकन प्रकरणों के निराकरण में रुचि लेने के पूर्व काफी पुराने सीमांकन प्रकरण लंबित पड़े थे। लेकिन राजस्व अधिकारियों को दिए निर्देश और निरंतर समीक्षा के बाद आए सीमांकन कार्य में तेजी के बाद जिले भर में औसतन प्रतिदिन एक सैकडा सीमांकन प्रकरण निपटाए जा रहे है।

#### तहसील ढीमरखेड़ा अग्रणी

जिले की विभिन्न तहसीलों में सीमांकन प्रकरणों के निराकरण के मामले मे तहसील ढीमरखेड़ा द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाकर अब तक कुल 569 सीमांकन प्रकरणों का निपटारा करते हुए निरंतर प्रथम स्थान पर अपनी जगह बनाये हुए है। वहीं तहसील विजयराघवगढ़ अब तक कुल 432 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जाकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं तहसील रीठी ने भी अब तक कुल 413 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर तीसरे स्थान पर अपनी जगह बना ली है। जबकि तहसील कटनी नगर द्वारा चौथे स्थान पर रहते हुए अब तक 410 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है। इसी तरह तहसील बरही द्वारा 410 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर पांचवे तहसील स्लीमनाबाद अब तक सीमांकन के कुल 391 प्रकरणों का निराकरण कर छठे स्थान पर, तहसील बहोरीबंद 357 सीमांकन प्रकरणों का निराकरण कर सातवे, तहसील बडवारा 354 प्रकरणों का निराकरण कर आठवे स्थान पर और तहसील कटनी द्वारा अब तक कुल 288 सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निपटारा किया जा चुका है।

## श्रमदान कर की गई नदी, नहर व ड्रेनज की सफाई




जल स्त्रोतों के तहत आनें वाले नदी, तालाब, नहर, झील, बावडी, कुओं की वर्षा पूर्व साफ- सफाई की जाकर वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण हेतु राज्य शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले भर आयोजित हो रहे अभियान में अब आम नागरिकों द्वारा भी आगे आकर स्वेच्छा से श्रमदान किया जाकर जल स्त्रोतों की साफ- सफाई की जा रही है। इसी श्रंखला में जल गंगा संवर्धन के तहत जनपद पंचायत कटनी की विभिन्न पंचायतों में आयोजित गतिविधियों के दौरान आम नागरिकों द्वारा श्रमदान किया जाकर जल स्त्रोतों की साफ- सफाई की गई। इस दौरान ग्राम पंचायत कन्हवारा में ड्रेनेज लाइन के ट्रीटमेंट का कार्य किया जाकर जल संरक्षण के प्रयास किये गए तो वहीं ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द की कोहारी नदी का श्रमदान कर गहरीकरण एवं साफ- सफाइ कार्य किया गया इसी प्रकार ग्राम पंचायत हरदुआ अलोनी नदी के गहरीकरण का कार्य जनसहयोग से किया गया है।अभियान के दौरान वर्षाजल को संग्रहित कर भूमि तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सरसवाही में रिचार्ज पिट का निर्माण कराया गया।

# पुष्पावती नगर बिलहरी की ऐतिहासिक बावड़ी में चलाया गया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के निर्देश और कलेक्टर अवि प्रसाद के मार्गदर्शन में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास किये जा रहे है।

इसी श्रंखला में शनिवार को विकासखण्ड रीठी के बिलहरी पंचायत में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरयारपुर, द्वारा बिलहरी पुष्पावती नगरी स्थित ऐतिहासिक बावडी में जनसहयोग से श्रमदान किया जाकर साफ-सफाई करते हुए जल संरक्षण के प्रयास किये गए। श्रमदान अभियान के दौरान अवगत कराया गया कि



इस बावड़ी में पानी 12 माह पानी भरा रहता है ग्रामीण द्वारा बताया गया इसका पानी कभी सुखा नहीं है। इस तरह की संरचनाओं को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखकर हम जल का बेहतर तरीके से संरक्षण कर सकते है।

इस कार्यक्रम के माध्यम से नवांकुर संस्था द्वारा उपस्थित लोगों और ग्रामवासियों को वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व जल संरचनाओं की साफ सफाई करने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम में जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह, परामर्शदाता अरुण तिवारी, सेक्टर प्रभारी मो मुस्तकीम और समिति के सदस्य विनोद बर्मन, गनपत साहू, दीपू पुरी गोस्वामी, रामा आदिवासी, बसंत यादव, राजकुमार सहित अन्य जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरियारपुर के अध्यक्ष रुखसार बानो और सेक्टर प्रभारी मोहम्मद मुस्तकीम द्वारा किया गया।

### कृषि उप संचालक द्वारा किसानों को दी गई जानकारी

# कृषि में लगात कम करने एवं लाभ के लिए कारगर है नैनों उर्वरक का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नैनो तकनीक आधारित नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी कृषि में लागत कम करने व लाभ के दृष्टिकोण से उपयुक्त है की जानकारी देते हुए किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उप संचालक ने बताया कि एक बोतल 500 मि.ली. नैनो यूरिया प्लस में एक बोरी यूरिया के बराबर ताकत होती है। इसी तरह नैनो डीएपी की एक बोतल में एक बोरी दानेदार डीएपी के बराबर पोषक तत्व पाये जाते हैं।

नैनो यूरिया प्लस 4 मि.ली. प्रति लीटर पानी अथवा 500 मि.ली. की एक बोतल प्रति एकड़ की दर से घोल बनाकर फसलों की वनस्पतिक अवस्था (कल्ले/शाखा बनते समय) एवं फूल निकलने से



पहले वाली अवस्था पर छिड़काव करना चाहिए। इसके प्रयोग से दानेदार यूरिया की मात्रा को 50 प्रतिशत तक घटाया जा सकता है। नैनो डीएपी का उपयोग बीज उपचार, जड़ उपचार एवं पर्णीय छिड़काव के रूप में किया जा सकता है। नैनो डीएपी से बीज उपचार 5 मि.ली. प्रति किलो ग्राम बीज की दर से करें एवं उपचारित बीजों को 20 से 30 मिनट तक छाव में सुखाने के उपरांत ही बुवाई करे।

उपसंचालक श्री मिश्रा ने बताया कि धान में जड़ उपचार के लिए 5 मि.ली. नैनो डी.ए.पी. प्रति लीटर पानी का घोल बनाकर जड़ को 20 से 30 मिनट तक घोल में डुबोयें रखें फिर छाव में सुखाने के उपरांत रोपाई करें। नैनो डी.ए.पी. का पर्णीय उपचार 4 मि.ली. प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर फसलों की वनस्पतिक अवस्था (कल्ले/ शाखा बनते समय) या फूल निकलने से पहले वाली अवस्था पर छिड़काव करना चाहिए। नैनो डीएपी के प्रयोग से दानेदार डीएपी की मात्रा को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। नैनो डीएपी से बीज एवं जड़ उपचार करने पर बीज अंकुरण में वृद्धि एंव जड़ क्षेत्र का अधिक विकास होता है। नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का प्रयोग सभी फसलों में किया जा सकता है।

नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डी.ए.पी. का पर्णीय छिड़काव फसल की बुवाई के 35 दिन के बाद ही करना चाहिए। इनके प्रयोग से मृद्रा स्वास्थ्य में सुधार होने के साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण में कमी होती है। इसके प्रयोग से कीट एवं रोध के प्रकोप में भी कमी होती है तथा फसल उत्पादन एवं गुणवत्ता में वृद्धि होती है।

अतः किसानों से अपील की जाती है कि नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डी. ए. पी. का अधिक से अधिक मात्रा में उपयोग कर फसल उत्पादन लागत में कमी लाएं।

### विधायक ने कलेक्टर की मौजूदगी मे कारोपानी मे किया लोकार्पण

# प्रदेश के सबसे बेहतर आंगनबाड़ी भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत प्रधानमंत्री जनमन योजना में शामिल ढीमरखेड़ा विकासखंड के प्रकृति की गोद मे बसे विशेष जनजाति बैगा बाहुल्य गांव कारोपानी में प्राकृतिक परिवेश के बीच नवनिर्मित भव्य और आकर्षक आंगनबाड़ी भवन में बैठकर यहां बच्चे अपनी पसंद के नैसर्गिक और मनोरंजक वातावरण में अच्छी शिक्षा और पोषण प्राप्त करेंगे। जनसहयोग और शासकीय राशि को मिलाकर करीब 18 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित यह आंगनबाड़ी भवन अपनी विशालता व भव्यता की वजह से संभवतः प्रदेश का पहला आंगनबाड़ी भवन है।

इसी आंगनबाड़ी केन्द्र का शनिवार को विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने लोकार्पण किया। इस मौके पर कलेक्टर श्री अवि प्रसाद और जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत, जिला योजना समिति के सदस्य एवं जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



लोकार्पण अवसर पर विधायक बड़वारा श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना लोगों को विकास की मुख्य धारा से जनजातीय समाज को जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों के लिए कारोपानी के आंगनबाड़ी भवन के भव्य स्वरूप को स्थानीय जनों के लिए एक बड़ी सौगात बताया। कार्यक्रम को इसके पहले जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे, सरपंच द्रोपती बाई, जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, बहादुर सिंह, प्रभारी एस.डी.एम विवेक गुप्ता, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास नयन सिंह, कार्यपालन यंत्री आर.ई.एस जीएस खटीक और तहसीलदार आशीष अग्रवाल मौजूद रहे।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बताया कि कारोपानी कटनी जिले के उन 11 गांवों मे शामिल है जो बैगा बाहुल्य है और जिनमे प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कई कार्य किये जा रहे है। कारोपानी के आंगनबाड़ी भवन का निर्माण भी प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत ही स्थानीय जनों की संस्कृति, परंपरा और भावनाओं के अनुरूप किया गया है। साथ ही परंपरागत तकनीक का भी प्रयोग किया गया है।

यहां के आंगनबाड़ी केंद्र को कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने स्वयं गोद लिया है और वे यहां के बच्चों से समय-समय पर मिलने भी आते रहे हैं। यह आंगनवाड़ी भवन अपने खास स्लोपिंग रुफ पैटर्न पर बना है। भवन की पूरी आउट वाल स्टोन की है, भवन को इको फ्रेंडली बनाने के लिए खिड़की -दरवाजे बुडन के लगाये गये है। साथ ही बालकनी बांस की बनी है। इसके निर्माण में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध भवन निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है। इस आंगनबाड़ी केंद्र के भवन मे एक बड़ा हॉल, एक आफिस रूम, एक किचन, एक गेस्टरूम, अटैच लैटबाथ और एक एक्टिविटी रूम अटैच लैटबाथ बना है। पूरा भवन 1140 वर्ग फिट में निर्मित है।जबकि आंगनबाड़ी का पूरा परिसर 6000 वर्गफिट मे फैला है। जहां बच्चों के खेल कूंद के लिए झूले आदि लगाये गए है।

# किसान सम्मान निधि की किस्त का वितरण कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त वितरण 18 जून 2024 को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये की राशि तीन किस्तों में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17 वीं किस्त का वितरण कार्यक्रम प्रधानमंत्री द्वारा 18 जून को वाराणसी उत्तर प्रदेश से किया जायेगा। किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त वितरण दिवस को देश में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

इस संबंध में जिला स्तरीय कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी एवं ब्लाक स्तर पर सभी तहसीलदार व नायब तहसीलदार कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इस आयोजित कार्यक्रम में विधायक, सांसद सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिला व ब्लाक स्तर पर आमंत्रित करने, कार्यक्रम में प्रोजेक्टर, बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण करने, जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था करने के साथ ही योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए विलेज नोडल अधिकारी नामांकित किया गया है। सभी विलेज नोडल अधिकारी को कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने, विलेज नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे। हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिये ईकेवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटश अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

**गंगा दशहरा पर हुये विविध आयोजन: जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ समापन**

# गंगा दशहरा पर हुई सुनार मैया की महाआरती



हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

प्रदेश सरकार द्वारा जगत 5 जून से 16 जून तक चलाया जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन रविवार को गंगा दशहरा के पावन अवसर पर कलेक्टर के निर्देशानुसार उपकाशी की जीवन दायिनी सुनार नदी के हजारी घाट पर विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य व जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा के विशिष्ट आतिथ्य एवं नगर के समाजसेवियों सहित नगर के सैकड़ो महिला पुरुषों की उपस्थिति में सुनार मैया की महा आरती कर समापन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडितों द्वारा पूजन अर्चन कर मंत्रोच्चार के साथ सुंदर मैया को चुनरी अर्पित कर संगीतमय महाआरती की गई इसके उपरांत विधायक उमा देवी खटीक द्वारा अपने नगर व आसपास के जल स्त्रोतों का संरक्षण करने की शपथ उपस्थित जनसमूह को दिलाई गई। इसके पूर्व मुख्यमंत्री जी का बेवकास्ट के माध्यम से लाईव प्रसारण कार्यक्रम दिखाया गया। वही सुबह भूतेश्वर मंदिर में सुंदरकांड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित बृजेश दुबे डॉक्टर सीएल नेमा चंद्रभान पटेल शैलेश पटेल मनोज सराफ बबलू राय अमिताभ चतुर्वेदी पवन ठाकुर जनपद पंचायत सीईओ बीएस यादव नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र खरे सहित नगर के समाजसेवियों के साथ नगर पालिका के समस्त अधिकारी कर्मचारी व नगरवासियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

## वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी



**दमोह।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अवसर पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं देते हुये सभी से पेड़ लगाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा पेड़ जरूर लगाये, क्योंकि पेड़ हमें जिंदगी और ऑक्सीजन देने का काम करते हैं। उन्होंने बताया जनपद तेंदूखेड़ा के खर्राघाट धाम में पौधारोपण किया गया है। इस दौरान नारा भी लगाया गया है की 'सांसे हो रही है कम, आओ पेड़ लगायें हम'। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा बरसात का मौसम शुरू होने वाला है, धरती को बचाने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत आवश्यक है और वर्षा काल के समय में जो पेड़-पौधे लगाएंगे, वह निश्चित रूप से बड़े होंगे, उन्हें पानी देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, बारिश में पेड़-पौधे अपने आप पुष्पित और पल्लवित होंगे। इसलिए सभी से आग्रह है इस बरसात के मौसम में सभी पेड़ जरूर लगाए। इस दौरान राज्यमंत्री श्री लोधी ने उपस्थित सभी जनों को पर्यावरण के संरक्षण हेतु शपथ दिलाई और पौधरोपण करने प्रेरित किया। शपथ में कहा गया मैं स्वयं को पर्यावरण के अनुकूल आदतों के महत्व के बारे में लगातार याद दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। हम सभी लोग संकल्प लेते हैं की एक-एक पेड़ जरूर लगाएंगे, जय हिंद जय भारत। इस दौरान मंत्री श्री लोधी ने भगवान भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर व्यारमा नदी के तट पर गंगा आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं क्षेत्रवासी व प्रदेशवासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना कर सहभोज में सम्मिलित हुए।

## 200 दीप जलाकर की महाआरती



**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गंगा दशमी के दिन बांसी वाले तालाब में संध्या के समय २०० दीप जलाकर कलश यात्रा निकाली गई एवं मुख्यमंत्री का लाइव प्रसारण देखा गया। इसके साथ ही मंगल आरती की गई। इसके पूर्व में दिन में विविध आयोजन किये गये। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि दुलीचन्द , उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, पार्षद पुष्पेन्द्र सोनी, हरप्रसाद चौरसिया, , पं दयाशंकर चौबे, शंकर तंतुवाय, मुन्ना अवधिया, सीएमओ सुंदरलाल सोनी, कन्नू बंसल, वहीद खान, दुर्गेश सोनी, काशीराम सहित नगर परिषद के अधिकारी कर्मचारी व नगरवासी बड़ी संख्या शामिल रहे।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ कर मनाया गंगा दशहरा



**हटा।** गायत्री शक्तिपीठ में मां गंगा एवं मां गायत्री के अवतरण दिवस गंगा दशहरा पर दो दिवसीय कार्यक्रम हुआ। प्रथम दिवस मनमोहन साधना कक्ष में सूर्योदय से सूर्यास्त तक जप हुआ। द्वितीय दिवस रविवार को प्रातः 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से दो पारियों में परिजनों ने यज्ञ भगवान को अपनी आहुतियां प्रदान की। शक्तिपीठ में स्थापित स्मारकों प्रखर प्रज्ञा एवं सजल श्रद्धा का विशेष पूजन किया गया। यज्ञ आचार्य पंडित मदन गोपाल दुबे ने कहा कि आज के ही दिन परम पूज्य गुरुदेव ने 1990 में गायत्री जयंती पर स्थूल शरीर छोड़कर सूक्ष्म शरीर में प्रवेश किया था उन्होंने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को जल का संरक्षण करना चाहिए। जल है तो कल है।डा सी एल नेमा ने कहा कि पतित पावनी मां गंगा के जल के स्नान से 10 प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। हमें गंगा दशहरा पर संकल्प लेना चाहिए कि हम कम से कम एक माला गायत्री मंत्र की अवश्य करें। यज्ञ में मां गंगा एवं 24 प्रकार की गायत्री की विशेष आहुतियां दी। यज्ञ के दौरान गायत्री परिजन हरिनारायण नेमा का 72 वा जन्म दिवस दीप प्रज्वलन के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पं रामकिशोर दुबे, रमेश श्रीवास्तव, जगदीश बरसैया, हरिनारायण चौरसिया, सुशील सलेट के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से आये अनेक परिजनों की उपस्थिति रही।

## कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ

**बनवार।** कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रसंग है। कृष्ण-सुदामा की मित्रता संसार के लिए एक आदर्श प्रेरणा प्रसंग है। श्रीकृष्ण ने सुदामा को बिन मांगे दो मुट्ठी चावल के बदले दो लोकों का सुख प्रदान कर दिया था। मित्रता हो तो कृष्ण-सुदामा जैसी। उनकी मित्रता संसार में सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। यह बात बनवार में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के अंतिम दिवस भागवताचार्य पंडित श्री रमेश पांडेय ने कही।। उन्होंने कहा कि मित्रता बचपन, जवानी और बुढ़ापे तक नहीं भूलें, ऐसी होनी चाहिए। समर्पण प्रेम बिना सच्ची मित्रता सार्थक सिद्ध नहीं होती है। जब सुदामा ने कहा कि कृष्ण तुम मिले नहीं, तब श्रीकृष्ण ने कहा मैं तो मित्र सुदामा तेरे हृदय में रहता हूं। तुमने कभी हृदय में मुझे देखा ही नहीं। सच्ची मित्रता ऐसी होती है। जब द्वारपाल ने द्वारकाधीश भगवान श्री कृष्णा से कहा आपके दर पे सुदामा गरीब आए है', सुनकर भाव विह्वल हो गए। भगवान श्री कृष्ण ने अपने मित्र सुदामा को सीने से लगाकर अपनी महल ले गए आंखों से अश्रुधारा बहने लगी मित्र का अभिनंदन किया इस दृश्य को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए भगवान श्री कृष्ण सुदामा मित्रता की झांकी पर पुष्प वर्षा की कथा व्यास जी ने कहा मित्र व सखा के रुप में श्री कृष्ण जिस चरित्र के साथ जुड़े उसके सौभाग्य के द्वार खुलने के साथ-साथ उद्धार भी हो गया। मित्र के रुप में कृष्ण का चरित्र यह संदेश देता है कि मित्रता ऐसी कीजिए कि मित्र के गुणों, चरित्र, यश और ज्ञान में उत्तरोत्तर वृद्धि हो। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति के बीच कथा विश्राम आरती पूजन के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# भीषण गर्मी से पौधों को बचाने मुक्तिधाम में निरंतर कर रहे श्रमदान

### मुक्तिधाम को सुंदर पार्क का रूप दे रहे समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

इस भाग दौड़ भरी जीवन में नगर के कुछ समाजसेवियों द्वारा पूरी गर्मी में बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए नगर के मुक्तिधाम मैं लगे पौधों को बचाने हर रविवार को निरंतर श्रमदान कर साफ सफाई कर संरक्षण किया जा रहा है। दरअसल नगर की मुक्तिधाम को सुंदर बनाने में विगत कई वर्षों से नगर की कुछ समाजसेवियों द्वारा निरंतर श्रमदान कर विभिन्न प्रकार के छायादार पेड़ पौधे लगाकर उनका निरंतर संरक्षण किया जाकर सुंदर पार्क का रूप दिया जा रहा है जिससे अब वह समय दूर नहीं होगा जब यह मुक्तिधाम लोगों के जनाकर्षण का केंद्र बिंदु होगा जहां लोगों को आत्म शांति का आभास भी होगा।

### असामाजिक तत्वों द्वारा मुक्तिधाम में शराब खोरी

समाजसेवियों द्वारा बताया गया कि श्रमदान के दौरान मुक्तिधाम में देख देख सही तरीके से न होने के कारण मुक्तिधाम में आने वाले दाह संस्कार में व्यक्तियों को बैठने के लिए रखी सीमेंट की कुर्सियों को



असामाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया एवं आए दिन मुक्तिधाम में शराब खोरी को लेकर समाजसेवी परेशान है। कई बार इस संबंध में नगर पालिका अधिकारी से भी बात की गई लेकिन उनका ध्यान इस और कभी नहीं गया। इसके पूर्व में कई बार नगर पालिका से मांग की गई है की मुक्तिधाम में स्टे लाइट व कैमरे लगवा कर मुक्तिधाम को सुरक्षित करें।समाजसेवियों ने सीएमओ से अपील की है कि मुक्तिधाम में सामग्री पौधों टी गार्ड आदि की चोरी रोकने के कोई ठोस कदम उठाए जाएं। जबकि गौर करने वाली बात है की मुक्ति धाम से पवित्र मंदिर कोई नहीं है जहां पर आकर इंसान मोह माया से दूर हो जाता है यहां आकर इंसान पवित्र अपवित्रता से दूर हो जाता है सांसारिक नियम सब बेकार सब बेकार लगने लगते है यहां इंसान को सत्य दिखाई देने लगता है और ऐसे स्थान पर असामाजिक तत्वों द्वारा शराब खोरी करना कहां तक न्यायोचित है इस संबंध में सभी को गौर कर समाजसेवियों का सहयोग कर मुक्तिधाम को सुंदर पार्क बनाने में सहयोग करनी चाहिए।

श्रमदान के मौके पर पंडित,राजाराम गोस्वामी,,पुष्पेन्द्र पांडेय बद्री प्रजापति,नर्मदा साहू लछमन साहू, कामता, इमरत, नारायण,सुरेन्द्र, तंतुवाय,अशोक चंपी चौरसिया,रियल, अग्रवाल, बन्टू यादव,सोनू पंडा, राजा बाबू विश्वकर्मा, टीकाराम,सूरज, पुष्पेंद्र रैकवार व नगर पालिका से लखन पटेल मौजूद रहे।

# राज्यमंत्री लखन पटैल ने जरारूधाम गौ-अभ्यारण पहुंचकर किया पौधारोपण

## लगभग 250 पौधों का हुआ रोपण, मढ़कोलेश्वर में गंगा आरती में शामिल हुये राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश में पूरे प्रदेश में 05 जून से 16 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत पुराने कुओं, तालाबों, नदियों एवं नालों की साफ-सफाई, गहरीकरण एवं पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटैल जरारूधाम के गौ-अभ्यारण पहुंचे। उन्होंने यहां पर कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों और ग्रामीणजनों के साथ पौधारोपण किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा मंत्री श्री प्रहलाद पटेल से चर्चा हुई, जिसमे उन्होंने बताया कि यहां पर ड्रिप लगी हुई है और पौधे भी सभी जगह उपलब्ध है। आप जाकर गंगा दशमी के दिन वृक्षारोपण करेंगे तो बहुत अच्छा होगा। इसके लिए मैंने सभी से अपील की जिससे सभी कार्यकर्ता अधिकारी-कर्मचारी यहां पर उपस्थित हुए हैं। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा यहां पर देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि पिछले साल लगाए हुए सारे पौधे, हरे-भरे हो



गये है। पूरा विश्वास है कि आने वाले 2 साल के अंदर ये फल भी देने लगेंगे। जो पेड़ पहले लगाये है उन्होंने फल देना शुरू कर दिया हैं। आने वाले 5 से 6 सालों के अंदर जब यहां पर सारा प्लांटेशन हो जाएगा, तो निश्चित रूप से यह एक ऐसी जगह होगी जहां लोग पिकनिक मनाने और घूमने आएंगे। यहां पर शुद्ध वातावरण होगा, जहां पर पत्थर थे वहां पर आज हरियाली देखने को मिल रही है। निश्चित रूप से इस काम के लिए मंत्री श्री प्रहलाद पटेल जी बधाई के पात्र है, यह काम और आगे बड़े ऐसी मेरी कामना है। सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा आज हम सभी जरारूधाम में एकत्रित हुए हैं। प्रदेश के पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल के संरक्षण में यहां पर पौधे लगाए गए हैं। यहां पर आज हम लोगों ने तकरीबन 250 पौधों का पौधारोपण किया है और आगे बारिश के बाद लगभग 10 हजार पौधारोपण करने की तैयारी है। उन्होंने कहा यह बहुत बड़ा क्षेत्र है, यहां पर निरंतर जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के काम चल रहे हैं। आज गंगा दशहरा का कार्यक्रम है, इसी तारतम्य में पूरे जिले की समस्त विधानसभाओं में बड़ा मेला आयोजित किया गया है जहां पर गंगा आरती की जाएगी।

### गंगा आरती में शामिल हुये

इस दौरान राज्यमंत्री श्री लखन पटैल ने भगवान मढ़कोलेश्वर नाथ जी का पूजन अर्चन कर संगम तट पर गंगा दशहरा के पर्व पर गंगा आरती कर आर्शीवाद प्राप्त किया एवं क्षेत्रवासी व प्रदेशवासियों के लिये सुख समृद्धि की कामना कर सहभोज में सम्मिलित हुये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, पूर्व विधायक हटा पीएल तंतुवाय, पंडित नरेन्द्र व्यास, जरारूधाम गौ-अभ्यारण समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र बजाज, गोपाल पटेल, श्री गुप्ता, रामकली तंतुवाय, करण सिंह, ऋषि पटेल, जाहर सिंह, सीईओ जनपद पंचायत श्री सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और मातृशक्ति मौजूद रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 20 जून को

**दमोह।** म.प्र. शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा चलाई जा रही जॉव फेयर योजना अंतर्गत 20 जून 2024 को प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय दमोह में रोजगार अवसर मेले का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी ने बताया रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा विजेनस रिलेशन शिप, टेक्नीकल, हेल्पर, सेल्स एक्जीकेटिव, सिक्युरिटी गार्ड, ट्रेनीज, फिटर, कारपेंटर, मेशन, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा सिविल, मेकनीकल्स, इलेक्ट्रीकल्स, मशीन आपरेटर, बीमा सलाहकार, प्रोडक्सन आपरेटर, फील्ड अधिकारी इत्यादि पदो पर सीधी भर्ती हेतु वैतनिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेगें। उन्होंने कहा है ऐसे आवेदक जिनकी योग्यता 10वीं/12वीं/स्नातक/डिप्लोमा पॉलीटेक्निक/आई.टी.आई उत्तीर्ण हो, आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष हो एवं कम्पनी के अनुसार हो, वे अपनी अंकसूची, आधार कार्ड, रिज्यूम, मोबाईल नंबर, पंजीयन की छायाप्रति के साथ उपस्थित होकर साक्षत्कार का लाभ ले सकते है।

## नोहलेश्वर महादेव मंदिर नोहटा में हुआ प्रोटोकॉल का अभ्यास

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में 21 जून को दमोह जिले के विभिन्न पार्कों में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इस हेतु नोहटा के नोहलेश्वर मंदिर प्रांगण में मध्य प्रदेश योग आयोग द्वारा गठित जिला योग समिति के अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत एवं पतंजलि योग समिति के अध्यक्ष पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा नोहटा के नोहलेश्वर मंदिर



प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के आयोजन के पूर्व योग की क्रिया शासन द्वारा प्राप्त निर्देश अनुसार कराई गई। श्री राजपूत के द्वारा सर्वप्रथम बड़ा योग प्रोटोकॉल के बारे में विस्तार से बताया गया, जिसमें प्रार्थना, शिथिलीकरण के अभ्यास, खड़े होकर, बैठकर, लेटकर, पीठ के बल लेटकर किए जाने वाले आसन, प्राणायाम एवं संकल्प के साथ शांति पाठ कार्यक्रम का प्रोटोकॉल बताया गया। पतंजलि के योगाचार्य पंडित कृष्ण कुमार परोहा के द्वारा सर्वप्रथम ग्रीवा चालान, स्कंध संचालन, कटी संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्त आसान, चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन,शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन, पवनमुक्तासन, शवासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। उक्त अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल पर्व अभ्यास में नोहटा एवं आसपास के ग्राम के नागरिक, योग प्रेमी उपस्थित रहे।

# भाजपा लोकसभा क्षेत्र की समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

लोकसभा चुनाव क्षेत्र के जिले के 22 मंडलों की समीक्षा बैठक जिला भाजपा कार्यालय में जिला प्रभारी सतानंद गौतम के आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री लखन पटेल, नव निर्वाचित सांसद राहुल सिंह, जिला महामंत्री गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, लोकसभा के सह संयोजक श्याम शिवहरे और पूर्व विधायक पी एल तंतुवाय मंचासीन रहे। जिला प्रभारी सतानंद गौतम ने लोकसभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत का श्रेय कार्यकर्ताओ को दिया और पार्टी की नारी शक्ति की भी भागीदारी की तारीफ़ करते हुए कहा कि




कार्यकर्ताओ का जनता से व्यक्तिगत सम्पर्क ही जीत का आधार बना हैं, भाजपा का बूथ स्तर का संगठन इतना मज़बूत हैं और इसे प्रमाणित करते हुए चार लाख से अधिक मतों से जीतना, आप सबकी मेहनत का परिणाम है।

जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने जिला पदाधिकारी, मोर्चा और मंडल अध्यक्ष सहित सभी कार्यकर्ताओ की पिछले तीन सालों में की गई अथक मेहनत का परिणाम है कि हम विधानसभा की जिले की चारो विधान सभा जीतने के साथ ही लोकसभा में ओर अधिक मतों से जीते हैं, सभी कार्यकर्ताओ ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओ से मिलकर जो बूथ की रचना की वह हम जिले के 95 प्रतिशत बूथ पर जीत हासिल करने में सफल हुए हैं।

राज्य मंत्री लखन पटेल ने भी कार्यकर्ताओं की प्रसंशा करते हुए कहा कि हम गिने चुने बूथ पर ही हारे हैं और हम उन बूथों पर भी जाकर जनता से मिलकर आगामी चुनावों में जीत हासिल करेंगे, कार्यकर्ताओ ने अपनी मेहनत से जन प्रतिनिधियों का सिर ऊंचा कर दिया है और अब हम सब का दायित्व है कि आप सभी के साथ मिलकर जनहित के कार्य करें।

सांसद राहुल सिंह ने सभी कार्यकर्ताओ से मिलकर कार्य करने की बात कही और कार्यकर्ताओ ने भीषण गर्मी में चार लाख से अधिक मतों से जीत दिलाई है मैं आप सबके साथ मिलकर क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता से मिलकर कार्य करूंगा। समीक्षा बैठक में जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, रमन खत्री, संजय सेन, अमित बजाज, चंदभान पटेल, रामकली तंतुवाय, अरुण तिवारी जिला कार्यालय मंत्री राम लाल उपाध्याय, जिला मंत्री अरविन्द उपाध्याय, कोषाध्यक्ष सुरेश पटेल, जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार, जिला सह प्रभारी महेन्द्र जैन, रिंकू गोस्वामी, संदीप शर्मा, हर्ष पटेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन, किसान मोर्चा अध्यक्ष हरिश्चंद पटेल, युवा मोर्चा प्रिंस जैन, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष गणेश जाटव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष भोला सराफ, मोर्चा महामंत्री शिव शंकर कुशवाहा सहित सभी मंडल अध्यक्ष, महामंत्री और ज्येष्ठ श्रेष्ठ सहित अपेक्षित कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रहीं।

## ईदुज्जुहा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**हिण्डोरिया।** हजरत इब्राहीम अलैह हिस्सलाम रजि. व हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम रजि. की अजीम-ओ-शान कुर्बानी की याद में पूरे विश्व भर मे मनाये जाने वाले ईदुज्जुहा पर्व भी को लेकर स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन टीआई अमित मिश्रा एवं नायब तहसीलदार रघुनंदन चतुर्वेदी द्वारा शासन की गाइड लाइन को बताकर हुए किया गया। बैठक में जमा मस्जिद के सदर हाजी जनाब नवाब खान आर आई ने बताया कि 16 जून की दिन सोमवार की सुबह 7:30 बजे स्थानीय ईदगाह मस्जिद में ईदुज्जुहा की विशेष नमाज आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल में अदा की जाएगी । नमाज के बाद कुर्बानियों एवं एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारक बाद लेने देने का सिलसिला हमेशा की तरह दिन भर जारी रहेगा । बैठक में शासन की गाइड लाईन के पालन करने पर सभी ने सहमति व्यक्त की। बैठक में शांति समिति के अनेक गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस स्टाफ कर्मी मौजूद रहे।

# खेतों तक जाने का रास्ता गर्मियों में भी बना दलदलनुमा, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



सुरई से जोगीखेड़ा तक खेतो तक जाने वाले पगडंडी रास्ते के गर्मियों में यह हाल यह रास्ता अभी दल दल नुमा है फिर बारिश में क्या होगा सोच कर यहां के सैकड़ो किसान चिंतित हो जाते हैं। क्योंकि इसी पगडंडी रास्ते से किसानों को खेती किसानी के काम के लिए जाना होता है। यहां से मवेशी भी जंगल की ओर जाते हैं। बदहाल रास्ते से अनेकों दिखतों का सामना करना पड़ता है। किसानों का निकलना होता है। इसी गांव से रास्ता जाता है जो इन किसानों के खेत तक पहुंचता है। इस रास्ते से ही सैकड़ो किसान अपनी खेती करने खेतों तक पहुंचते हैं। जिसमें किसानों के कृषि यंत्र एवं जाने आने हेतु रास्ता नहीं है। वर्ष 2005 में रोजगार गारंटी से यह रास्ता बनाया गया था लेकिन दो दशक से अधिक समय बीतने के वावजूद इस रास्ते पर मरम्मत के नाम पर कुछ कार्य नही किया गया जिसकी वजह से बदहाल रास्ते से किसानों को खेती किसानी के लिए जाना होता है तो भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । और बारिश के मौसम में जब किसानों के लिए खेती किसानी के लिए खेतों तक कृषि यंत्र लेकर जाना पड़ता है तो दलदल नुमा इस रास्ते में जहां वहां फस जाते हैं। वही पशुपालकों के मवेशी कीचड़ में गढ़ जाते है और मौतें तक हो जाती है। ग्राम पंचायत सुरई के सरपंच प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह ठाकुर ग्राम के किसानों ने शासन प्रशासन से मांग की है खेती किसानी के लिए यह रास्ता किसानों अहम है जो की सुरई से जोगी खेड़ा को जोड़ता है जहां पर दोनों गांव के किसानों की खेती हर भूमि पड़ती इसलिए इस रास्ते पर सड़क निर्माण कार्य कराया जाए ताकि किसानों को खेतों तक जाने का रास्ता सुगम हो जाए और मुद्दतों की परेशानी से मुक्ति मिल जाए।

## साथी हाथ बढ़ाना गीत की धुन पर कार्य करते हुए संकल्प लिया बेलाताल होगा बेमिसाल

# जलस्त्रोतों को संरक्षित रखने का काम करें, यह हमारे लिए बहुत उपयोगीः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जल और जल स्त्रोतों की संरक्षण का संदेश देने के लिए एक आवाज के साथ हजारों हाथ उठे जिन्होंने लगभग 2 घंटे से अधिक श्रमदान किया। साथी हाथ बढ़ाना गीत की धुन पर कार्य करते हुए संकल्प लिया बेलाताल होगा बेमिसाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप दमोह विधायक जयंत मलैया सहित जनप्रतिनिधि, आमजन विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं संगठन स्कूली छात्र, मातृशक्ति विभिन्न सामाजिक संगठनों ने आज जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रातः 7 बजे से सफाई अभियान बेलाताल में चलाया, जो कि शहर के मध्य स्थित है शहर की शान है, सभी लोगों ने सफाई में अपनी भागीदारी कर शहर के लोगों को एक संदेश दिया कि यह हृदय स्थल पर स्थित बेलाताल हमारी आन-बान और शान है, यहां पर ऐसे लोग काम कर रहे थे जो की कभी इस तरह के काम करते नहीं देखे जाते हैं, प्रदेश के मुख्यमंत्री की एक अपील पर जिले में कुआ, बावड़ी, तालाबों की साफ-सफाई जल संवर्धन के कार्य लगातार हो रहे हैं, आज बेलाताल का नजारा ही कुछ ऐसा था कि हर आदमी जोश में काम कर रहा था, गंदगी को उठाकर फाबड़ो के माध्यम से ट्रैक्टरों पर भेजा जा रहा था। इस कार्य को देखकर निश्चित ही लगता है कि अब यह बेलाताल साफ सुथरा और स्वच्छ होगा। इस दौरान दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया, जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर , विभिन्न समाजसेवी, धार्मिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, एनसीसी, एनएसएस, अधिकारियो-कर्मचारियो ने एक साथ हाथ बढ़ाते हुए पवित्र कार्य में सहभागी बने।

इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा प्रदेश के सभी जगह पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सफाई अभियान चलाया गया है। जितने भी जल स्त्रोत है उनको संरक्षित किया जाए, उनका उन्नयन किया जाए। इसी तारतम्य में बेलाताल की सफाई की जा रही हैं, यह कार्यक्रम लगातार चल रहा है, लोगों ने बहुत जबरदस्त सहभागिता निभाई है। यदि कुछ दिन तक बारिश नहीं होती है तो यह पूरा तालाब साफ हो जाएगा और यह निश्चित रूप से सभी लोगों की बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने जनमानस को संदेश देते हुए कहा जहां पर भी जल स्त्रोत है उनको संरक्षित रखने का काम करें, यह हमारे लिए बहुत ही उपयोगी है। श्री मलैया ने कहा करीब 30-32 साल पहले मैंने बेलाताल, फुटेरा तालाब और पुरैना तालाब तीनों तालाबों का गहरीकरण कराया था उसी समय घाट बने थे और पिचिंग भी हुई थी।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर 5 जून से 16 जून चलाया जा रहा है, इस अभियान का आज आखिरी दिन है, इस अभियान के आखिरी दिन को एक ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए बेलाताल में सफाई अभियान चलाया गया है, बेलाताल में एक तरफ पोकलेन मशीनों और जेसीबी मशीनों से गाद निकालने का काम हो रहा है और दूसरी तरफ शहर के जनमानस ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर जन भागीदारी से श्रम-परिश्रम करके तालाब के घाट से कचरा, खाद, पॉलिथीन निकालने का काम किया है। उन्होंने कहा आज मुझे बहुत खुशी है यहां पर जिले के जनप्रतिनिधि, सभी समाजों के लोग, सभी संगठनों के लोग, आम जनता, पर्यावरण प्रेमी एकत्रित हुए हैं। आज लगभग 2 घंटे का सफाई अभियान चलाया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने जनता को संदेश देते हुए कहा की जनता की आस्था को हम स्वीकार करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह बिल्कुल नहीं है की इस तरह से यहां पर गंदगी डाली जाए। एक पक्ष यहां पर गंदगी डालता रहे और एक पक्ष यहां से गंदगी साफ करता रहे, यह संस्कृति बिल्कुल आध्यात्मिक संस्कृति नहीं है, जितने देवी-देवता पूज्य हैं उतने ही नदी और तालाब भी हमारे लिए पूजनीय है। उन्होंने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि बेलाताल में कचरा बिल्कुल ना डालें। आगे चलकर कुछ ऐसी व्यवस्था बनाई जा रही है की जनता को निर्माल्य डालने की व्यवस्था हो और यदि यहां पर कोई कचरा डालता है तो उनके ऊपर जुर्माना किया जाएगा और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जल्दी ही हम पॉलिथीन बैन करने की तरफ और थैले और झोले के उपयोग के प्रोत्साहन की तरफ कदम बढ़ाने वाले हैं। यह कल्चर का प्रश्न है, आदतों का प्रश्न है, यह एक रात में ठीक नहीं हो सकता है, इसलिए धीरे-धीरे इसे आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे ताकि आगे जो त्यौहार आने वाले हैं, उन त्योहारों में इस तरह की चीज बिल्कुल ना हो।

### सामाजिक संगठनों ने निभाई अपनी सहभागिता

सफाई अभियान में मातृशक्ति, गायत्री परिवार दमोह, सिंधी समाज पंचायत दमोह, संत निरंकारी सत्संग मंडल दमोह, हरे माधव परमार्थ समिति दमोह, ब्राम्हण समाज जिला दमोह, साहित्यकार परिवार, जिला लोधी समाज दमोह, कुर्मी क्षत्रिय समाज दमोह, जैन युवा पंचायत दमोह, माझी समाज दमोह, अहिरवार सूर्यवंशी जाटव समाज, कायस्थ समाज दमोह, कल्चुरी समाज दमोह, सोनी समाज दमोह, चौरसिया समाज दमोह, वैश्य समाज दमोह, विश्वकर्मा समाज दमोह, असाटी समाज दमोह, सेन समाज दमोह, कुशवाहा समाज दमोह, जैन मिलन शाखा दमोह, रजक समाज, प्रजापति समाज, केसरवानी समाज दमोह, कोरी समाज जिला दमोह, बाल्मीकि समाज दमोह, चक्रवर्ती समाज जिला दमोह, युवा व्यापारी संघ, बजरंग सर्वे कल्याण समिति दमोह, मुक्ति नाट्य मंच, बेलाताल स्वछता टीम दमोह बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन, किसान संघ जिला दमोह, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारिगण, नगर विकास समिति दमोह, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दमोह ,नगर पालिका के पार्षद गण,पदाधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दमोह, जल निगम , एनसीसी ,एनएसएस कैडेट्स के अलावा जन अभियान परिषद दमोह से जुड़े स्वयं सेवक साहित अन्य सामाजिक संघटनो के पदाधिकारी और पर्यावरण प्रेमी, अधिकारी- कर्मचारी, सम्माननीय मीडिया जन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सूने घर में ताला तोड़कर घुसे चोर, उड़ा ले गए बाइक

**दमोह**। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत जबलपुर नाका चौकी के समीप शक्तिनगर निवासी डालचंद असाटी रिटायर्ड प्रोफेसर के सूने घर में घर के ताला तोड़कर घर में घुसे अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। जहां एक बाइक और सामग्री चोरी होने की खबर सामने आ रही है।

मौके पर तत्परता दिखाते हुए देहात थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह बागरी, चौकी प्रभारी शिवनारायण यादव, एएसआई अकरम खान, एफएसएल सागर, साइबर सेल सहित पुलिस बारीकी से जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

### मारपीट में चाचा, भतीजे सहित तीन घायल

**दमोह**। जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कंचनपुरा गांव में चल रहे एक विवाद के दौरान राजश्री गुटखा खरीदने गए सरोज पिता सोनेलाल आदिवासी उम्र 35 वर्ष निवासी कंचनपुरा के साथ जबरदस्त लाठी और लोहे की सरियों से बुरी तरह मारपीट कर दी। जिसे बचाने चाचा दयाराम पिता गुलजारी आदिवासी उम्र करीब 45 वर्ष और भतीजा राकेश पिता परमलाल उम्र 25 वर्ष आदिवासी को भी लाठियां और सरियों से हमला कर दिया, जिन्हें उपचार के लिए हिंडोरिया अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए 108 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. जिनका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया है कि यशपाल, मेवा, देवेंद्र दो अन्य रोहित और आकाश ने बेवजह हमें और हमारे चाचा, भतीजे के साथ मारपीट की है। जिससे तीनों बुरी तरह घायल होने पर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं हिंडोरिया पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

### डॉक्टर को बिच्छू ने काटा

**दमोह**। जिला अस्पताल के चिकित्सक को बिच्छू काट लेने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में डॉक्टर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है जिनका इलाज जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में पदस्थ के डॉक्टर आशीष पटैल जब घर से सुबह ड्यूटी करने जिला अस्पताल आ रहे थे, तभी टी-शर्ट पहनते समय बिच्छू ने हाथ में डंक मार दिया जिन्हें गंभीर हालत में इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है ।

# एक सप्ताह में दो चोरियों को चोरों ने दिया अंजाम

**हिण्डोरिया**। हिंडोरिया कस्बा में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंदी पर हैं । और पुलिस असहाय बनी मात्र तमाशा देख रही है। नगर में आए दिन हो रहीं चोरी की इन घटनाओं के चलते नगर के संभ्रांत नागरिकों में एक भय का माहौल व्याप्त है। वे स्वंय को असहाय एवं असुरक्षित महसूस कर रहे। वर्तमान में नगर मे एक साथ एक सप्ताह के भीतर हुई चोरी की दो घटनाओं ने आमजन मे दहशत पैदा कर दी है। बताया जाता है कि लगभग एक सप्ताह पूर्व नगर मे दिन दहाड़े एक साथ हुयी 03 बकरा चोरी की घटना को लोग भूले भी नही थे । कि इसी सप्ताह राजेन्द्र ताम्रकार पिता बालमुकुंद की चौगडडा पर वार्ड नं. 09 हिण्डोरिया मे स्थित चाय-नाश्ता की दूकान की ताला तोड़कर 09 जून 2024 की रात्री मे लगभग 35 हजार रुपये की चोरी अज्ञात चोरों ने की थी। और अभी लोग अज्ञात बकरा चोरों एवं राजेन्द्र ताम्रकार होटल के अज्ञात चोरों की करतूत को ठीक से भूले भी नही थे, कि 13 जून 2024 की रात्री मे एक गरीब की फिर लगभग 20-25 हजार की चोरी उसके घर का दरवाजा तोड़ कर चोर करके ले गये। इस बारे मे कब्रिस्तान के पास भौंदला पहाड़ी की तराई मे रहने वाले वार्ड नं. 09 हिण्डोरिया निवासी पीड़ित नौशाद शा उर्फ गुडडू पिता स्व. इमदाद शा ने हिण्डोरिया पुलिस से की गई शिकायत के आधार पर बताया मैं अपनी पत्नी बच्चों सहित 13 जून 2024 की रात्रि में हिंडोरिया नगर में आयोजित बाबा के उर्स में कव्वाली सुनने गये हुए थे। सुबह जब घर वापिस लौटा तो देखा कि किन्हीं अज्ञात चोरों ने मेरे घर का अहाता लागंकर मेरे घर के दरवाजे का ताला तोड़ दिया है। जबकि मेरी बकरियाँ सुरक्षित अहाते के भीतर बंधी हुई है । और जब भीतर जाकर देखा तो घर का सामान यहाँ वहाँ बिखरा पड़ा है। अज्ञात चोर मेरे घर में रखी पेटी से 15 हजार दो सौ रूपया नगद एवं स्टील के जग मे रखे 3500 नगद एवं एक पत्नि का मंगलसूत्र एवं दो पायलें चोरी करके ले गये हैं। इसी तरह अज्ञात चोर कुछ दिन पूर्व वार्ड नं.09 निवासी आशिक खान पिता हाजी हामिद खान के घर के सामने खडे छोटा हाथी वाहन से लगभग 07 हजार रुपये कीमत की बैटरी चुरा कर ले गये थे। जिसका आज तक कोई पता नही चल सका। कस्बा में बिना किसी रोक-टोक के शांतिपूर्वक संपन्न हो रही चोरियों को लेकर संभ्रांत नागरिक वर्तमान में दहशत में है । पीड़ितों ने पुलिस से इस दिशा में शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई कर रात्रि में असामाजिक तत्वों एवं बाहरी लोगों पर सतत नजर रखते हुए रात्री मे पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। सात ही इस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से भी पता साजी करने की मांग की है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर निकला भव्य जुलूस व शोभायात्रा....









**पटेरा**। भारत भूमि के महान सपूत महाराणा प्रताप की जयन्ती पटेरा नगर में भी समारोहपूर्वक मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके पश्चात विशाल वाहन रैली एवम जुलूस निकाला गया। नगर के श्री हरिहर मंदिर में सभी समाजजनों ने एकत्रित होकर महाराणा प्रताप की प्रतिमा की पूजन अर्चन कर विशाल जुलूस एवम वाहन रैली की शुरुवात की। जो कि बस स्टैंड, पड़री तिराहा होते हुए कुंडलपुर स्थित (रूंद वाले) हनुमान मंदिर पहुंची, जुलूस में घोड़े, डी जे की धुन पर थिरकते हुए युवा आकर्षण का केंद्र रहे। रूंद पहुंचकर क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा वरिष्ठों का सम्मान किया गया। स्वरूचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम के पटेरा ब्लॉक के सभी ग्रामों की समाज के साथ साथ कई अतिथि भी शामिल हुए।

# सतधरू योजना से कई ग्रामवासी वंचित, नहीं पहुंचा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ़

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अनेकों गांव जहां पर सतधरू जलाशय से नल जल योजना के काम वर्षों से चल रहे लेकिन योजना का लाभ जनता को भरपूर नहीं मिल रहा है। ग्रामों में नल जल योजना होने पर भी जहां सुनो वहां पानी की समस्या बनी हुई है। कुछ गांव हैं जहां पर आधे गांव में पानी नहीं पहुंच रहा है। इस प्रकार चल रही सत धरू जलाशय की नल जल योजना से ग्रामवासी नाखुश है। करोड़ो रूपये खर्च के बाद भी कई लोगो को योजना का लाभ सिर्फ प्रशासन व ठेकेदारों की लापरवाही के कारण नहीं मिल पा रहा है।

### कंपनी की मनमानी, कर रहे घटिया कार्य

एलएनटी कंपनी द्वारा ढीलाशाई व मनमानी की जा रही है। पाईपलाइन बिछाने में घटिया काम कर रहे है। जिन कामों को देखने के लिए संबंधित अधिकारी नहीं आते जिससे गल्ती होने से आए दिन ग्राम वासी सजा भुगत रहे है एवं शिकायत कर रहे है लेकिन योजना के जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे है। ग्राम वासियों ने कहा कि नल जल योजना की लाइन एस्टीमेट तकनीकी के अनुसार काम नहीं किया गया। अधिकारियों ने जब काम शुरू किया था और ग्रामीण व्यक्तियों को छोटे ठेकेदार बनाकर काम दिए जिनको काम करने का तौर तरीका तकनीकी ज्ञान नहीं था। मनचले तरीके से पाइप लाइन डलवाई दी यहां वहां से ऊंची नीची है। जिससे पानी जाने में कठिनाइयां हो रही है। जहां सुनो वहां नल जल योजना की पाइपलाइन फट गई, टूट गई, लीकेज हो गया इसी तरह की बाते सुनने को मिली रही है। अनेकों दिन नल जल योजना बंद रहती। इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या हर गांव में बनी है लेकिन एलएनटी कंपनी जल निगम विभाग के अधिकारी जनता की शिकायत पर भी जांच करने नहीं आते जिससे लगता है कि कर्मचारीयो के भरोसे सतधरू नल जल योजना चल रही है।

### नहीं डाली पाईपलाईन

हरई ग्राम पंचायत के टोला ग्राम रिछ्याऊ उरयाऊ दोनों गांव मे आदिवासी समाज के व्यक्ति रहते है। ग्राम पंचायत के पंच जाहर सिंह ने कहा कि गांव में एलएनटी कंपनी की नल जल योजना के पाइप लाइन ग्राम में नहीं डाले जाते है। गांव बालों को सतधरू नल योजना का एक बूंद पानी नहीं मिला। ग्राम वासियों से जल निगम के कर्मचारियों ने पानी देने को कहा जिससे गांव वालों ने नल जल कनेक्शन के पैसा लगभग एक बर्ष पहले जमा करवा लिए लेकिन अब तक पानी नहीं मिला है। आदिवासी व्यक्तियों को गुमराह कर झूठ बोलकर कर्मचारी समय का फायदा उठा रहे है एवं कार्य में लेटलतीफी कर रहे है।

### ऊंची नीची डाल दी पाईपलाइन, सप्लाई में आ रही परेशानी

तेजगढ़ जेसी महत्वपूर्ण बस्ती जो अनेकों ग्रामों का केंद्र बिंदु है जहां पर अधिकांश बस्ती को पानी नहीं मिल रहा है। कुछ मोहल्लो बालों को पानी मिलता है लेकिन कहीं कहीं बूद भी नहीं पहुंच रही है। ग्राम पतलोनी में नल जल योजना के पाइपलाइन ऊंची नीची जमीन के ऊपर से डाल दी पानी की सप्लाई सही नहीं हो रही है। आधा गांव आज भी पानी से वंचित है। अधिकारियों को शिकायत करने पर भी जांच करने नहीं आते । कभी कबार आए तो टोरिया से लौट कर चले जाते है। गांवके अंदर नहीं आते जहां पर नल जल योजना पूरी तरह बर्बाद है। घरों में पानी सप्लाई के लिए सिर्फ सटक लगाकर छोड़ दिया जो सामग्री लगनी थी वह नहीं लगाई। इन हालातों के हर घर नल से जल योजना के लक्ष्य तक कैस पहुंचा जायेगा यह तो समझ से परे है। या फिर शासन द्वारा सिर्फ आंकड़ो में लाईन बिछाने में ही लक्ष्यापूर्ति की जा रही है न कि जल पहुंचाने में।

# पुरानी अस्पताल भवन को ढहाने के बाद मैटेरियल नहीं सहेज पाई परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

नगर परिषद द्वारा काफी समय से पुरानी अस्पताल भवन व बने जीर्ण शीर्ण क्वार्टरों को हटाने की मुहिम सफल हो गई जब लोनिवि के प्रमाण पत्र के बाद उक्त भवन व अतिक्रमण सभी धराशाई हो गए। यहां बस स्टैंड बनाने का प्रस्ताव पहले से पारित है। वहीं मैटेरियल को बिछा कर मुख्य सड़क गणेश शनि मंदिर तक मार्ग बनाए जाने की जानकारी भी मिल रही है। सी एम ओ से संपर्क न होने पर सत्ता पक्ष के कई पार्षदों ने इसे जरूरी व स्टैंड के समीप तलैया में पुराव को सही ठहराया है। उनका मानना है की उक्त तलैया से कोई लाभ नहीं मिलता था जबकि नगर के अनेक नागरिकों ने इसे पूरने को अनुचित बताया है। उक्त भवन ढहने के बाद मटेरियल बटोरने में एक युवक घायल भी हो गया जिसके पैर में चोट बताई जा रही है। नगर में इस भवन को ढहाने के बाद तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है। देखना है की परिषद के जिम्मेदार क्या कुछ कर पाते हैं। जिसका लाभ आम जन मानस को मिलेगा।

### बेलाताल की गाद को निःशुल्क ले जाने का आग्रह

**दमोह**। जल गंगा संवर्धन अधियान के तहत बेलाताल में से जेसीबी और पोकलेन मशीनों के माध्यम भारी मात्रा में मिट्टी और गाद निकालने का काम किया जा रहा है। यह खेतों के लिए और गमलों में पेड़-पौधे लगाने के लिये बहुत ही उपयोगी है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के किसानों और आमजनों से आग्रह करते हुए कहा है कि बेलाताल से किसान भाई खेत के लिए और आम नागरिक गार्डन में खाद के रूप में इसका उपयोग कर सकते है, यह बहुत ही उपजाऊ मिट्टी हैं, इसे निःशुल्क यहां से ले जा सकते हैं।

### संजय राय बने खाद्य निगम परामर्शदात्री समिति के सदस्य

**दमोह**। मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा संजय राय को भारतीय खाद्य निगम की परामर्शदात्री समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। उनकी नियुक्ति पर उनके परिजनों, मित्रो और उनके शुभचिंतको ने बधाई दी है।